श्री हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय, तावडू (नूंह)
Tel. 08569808263 Email ID: govt.gctauru@gmail.com

Ref. No. 3774/2021 Date: 13-2-2021

रिपोर्ट

विषय- पत्र क्रमांक संख्या DHE-170005/23/2020-NPE-DHE दिनांक 18/12/2020 के संदर्भ में महिला प्रस्थापना प्रकोष्ठ की तरफ से राजकीय महाविद्यालय तावडू में छात्राओं के लिए कराई गई गतिविधियां।.

लाला हरिद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय तावडू में महिला प्रस्तावना प्रकोष्ठ की तरफ से महाविद्यालय में छात्राओं के लिए निम्नलिखित गतिविधियां कराई गई।

1.महिला प्रकोष्ठ विभाग की तरफ छात्राओं की सुरक्षा के लिए तथा उनकी देखभाल के लिए एक महिला कर्मचारी को नियुक्त किया गया (डीसी मूल्य पर)।

2. नई दिशा कार्यक्रम के तहत छात्राओं को उच्चतर शिक्षा विभाग के द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 74 198- 64 999 उपलब्ध कराया गया। जिसमें छात्राओं को उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, तनाव में रहने पर काउंसलिंग की सुविधा फोन पर उपलब्ध कराई जाएगी इससे संबंधित जानकारियां एक लेक्चर के द्वारा महिला प्रकोष्ठ विभाग इंचार्ज योगिता शर्मा के द्वारा उपलब्ध कराई गई।

3. दिनांक 22 जनवरी 2021 को महाविद्यालय में ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन उच्चतर शिक्षा विभाग शिक्षा ओर से किया गया ।जिसमें महिला प्रकोष्ठ विभाग की प्राध्यापिका और छात्राओं को "सर्व पोषित आहार, मेरा अधिकार" पर लेक्चर दिया गया, बढ़ता वजन, हिमोग्लोबिन, कैल्शियम की कमी, संपूर्ण आहार, एंटी ऑक्सीडेंट एवं मैक्रो एंड माइक्रो न्यूट्रिशन के बारे में बताया गया।

4.महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की तरफ से आयोजित शिक्षित नारी उन्नति एवं विकास की धुरी, ऑनलाइन प्रतियोगिता के तहत दिनांक 26 जनवरी 2021 को कार्यक्रम में महाविद्यालय की 11 छात्राओं ने भाग लिया जोकि पोस्टर मेकिंग वीडियो क्लिपिंग और कविता पाठ पर आधारित थी।

5. दिनांक 1/2/2021 से 11/2/2021 के मध्य राजकीय महाविद्यालय तावडू में छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया |जिसके अंतर्गत कूडो कराटे कक्षा लगाई गई| इसके अंतर्गत लगभग120 छात्राओं को रजिस्टर्ड किया गया| जिसमें उन्हें कूडो कराटे की 10 दिन की ट्रेनिंग उपलब्ध कराई गई. सबसे पहले इसमें प्राचार्य डॉक्टर दिलबाग सिंह द्वारा छात्राओं को संबोधित किया गया| जिसमें उन्होंनेअपने संबोधन कहा कि आज के वर्तमान समय में महिलाओं के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अत्यंत आवश्यक है एक महिला को अपनी सुरक्षा का अधिकार होता है जिसमें वर्तमान समय में बढ़ती अराजकता और अनैतिकता के माहौल में अधिकतर छात्राएं हैं जो अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं, जिस कारण से उनके माता-पिता उन्हें कहीं आने-जाने की अनुमति भी प्रदान नहीं कर पाते और यदि इस स्थिति में छात्रा या महिला को अपने अधिकारों के बारे में पता हो या फिर

वह अपना बचाव स्वयं करना जानती हो तो वह आसानी से बिना किसी डर के कहीं भी आ जा सकती है| समाज में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है| वर्तमान समय में नारी अबला ना होकर सबला का रूप है ,क्योंकि वह घर परिवार के साथ साथ बाहर भी काम करने के लिए भी जाती है और यदि महिला अपने अधिकारों के प्रति सजग है और सेल्फ डिफेंस से संबंधित जानकारी रखती है तो वह बेरोक -टोक कहीं भी आ जा सकती है| उसके माता-पिता भी बिना किसी डर के उसको कहीं भी भेज सकते हैं| उप प्राचार्य ऋषि कुमार जून द्वारा भी छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करी गई| उप प्राचार्य ऋषि कुमार जून द्वारा महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला गया|

6 . दिनांक6/2/2020 को महाविद्यालय के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महिला प्रस्तावना प्रकोष्ठ की तरफ से किया गया |जिसमें हिना, प्रियंका ,रिंकी, पिंकी ,खुशबू ,और रजनी ,कुलसुम कौशल ने भाग लिया |इन छात्राओं ने एक बनो नेक बनो जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिला सशक्तिकरण इन सभी विषयों पर पोस्टर बनाएं |प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रोफेसर सुबेसिंह, प्रोफेसर मुकेश कुमार, प्रोफेसर राजपाल द्वारा छात्राओं के बनाए हुए पोस्टर्स को जज किया गया, जिसमें हिना(एक बनो नेक बनो)B.S.C 3 rd yearप्रथम, रिंकी(जल संरक्षण),B.A 1st year दूसरा स्थान तथा रजनी(बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ),M.A तृतीय स्थान प्राप्त किया|

7. 10 दिनों के सेल्फ डिफेंस प्रोग्राम के तहत मास्टर अनिल(प्रेसिडेंट- कूड़ोएसोसिएशन ,अलवर) मास्टर सुभाष(सेक्रेटरी-कूड़ो एसोसिएशन, अलवर)के द्वारा छात्राओं को बस में जाते समय ,सड़क पर चलते हुए, ऑटो में जाते वक्त अकेले रहने पर यदि कोई भी अनैतिक गतिविधि होती है तो किस तरीके से अपना बचाव करना है इसकी ट्रेनिंग जूडो कराटे सिखा कर दी गई |पूरे प्रोग्राम में छात्राओं के साथ श्रीमती योगिता शर्मा और प्रीति भी उपस्थित रहे |

8. रिपोर्ट के साथ साथ भाग लेने वाली छात्राओं की सूची, और प्रोग्राम से संबंधित जानकारियां भी संलग्न की गई है|

प्राचार्य

दिनांक

महिला प्रस्थापना प्रकोष्ठ

1.

2.

3.


SCIENCE BLOCK
विज्ञान संकाय


विज्ञान संकाय